तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025

11 इस बार श्रीगणेश प्रतिमाओं की बुकिंग..



12 भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की हुई फाइनल रिहर्सल, कलेक्टर व एसपी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह का फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल बुधवार को पंडित चक्रपाणि शुक्ल हाई स्कूल मैदान में संपन्न हुआ। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी और एसपी भावना गुप्ता मौजूद रहे। मुख्य अतिथि की भूमिका में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया।फाइनल रिहर्सल में मुख्य समारोह के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार सभी गतिविधियों का अभ्यास किया गया। परेड में जिला पुलिस बल, अर्द्ध सैनिक बल, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट गाइड की टुकड़ियाँ शामिल थीं। ▶▶ शेष पेज 11 पर

### सीईओ दिव्या अग्रवाल ने किया ध्वजारोहण, तैयारियों का लिया जायजा







### अधिकारियों को दिए गए जरूरी निर्देश

कलेक्टर दीपक सोनी ने समारोह में आने वाले अतिथियों और नागरिकों के लिए बैठने की व्यवस्था, साउंड सिस्टम, पेयजल और जलपान की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एसपी भावना गुप्ता ने सभी टुकड़ियों को अनुशासन का पालन करते हुए बेहतर ढंग से कार्यक्रम संपन्न करने के लिए कहा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, हेमसागर सिदार, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, दीपक निकुंज सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। इन सभी अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

### खबर संक्षेप



### पुलिस ने रेलवे ट्रैक से बरामद किया अज्ञात शव

**हथबंद** | बलौदाबाजार जिले के सिमगा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकराचुँदा के पास रेलवे ट्रैक पर एक 21 से 25 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। हथबंद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए, दुर्गम रास्ते से पैदल चलकर शव को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। स्टेशन मास्टर ने सुबह 8 बजे हथबंद थाना को सूचना दी थी। सूचना पाते ही हथबंद थाना प्रभारी के निर्देशन पर टीम रवाना हुई जिसमें मुख्य रूप से सहायक निरीक्षक नेतराम साहू, आरक्षक प्रशांत दीवान, आरक्षक विजय टोप्पो के द्वारा लगभग 2 किलोमीटर पैदल चलकर रेस्क्यू कर अज्ञात शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु सिमगा सीएचसी को रवाना किया गया ।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांसद बृजमोहन होंगे मुख्य अतिथि

**बलौदाबाजार** | जिले में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। 15 अगस्त, 2025 को जिला मुख्यालय स्थित पंडित चक्रपाणि शुक्ल हाई स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सुबह 8:59 बजे समारोह स्थल पर पहुँचेंगे। ठीक 9:00 बजे वे ध्वजारोहण करेंगे, जिसके बाद राष्ट्रीय धुन बजेगी और परेड की सलामी ली जाएगी। इसके बाद वे परेड का निरीक्षण करेंगे और मार्च पास्ट होगा। सुबह 9:20 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया जाएगा। 9.55 बजे शहीद परिवारों का सम्मान, 10:00 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:25 बजे पुरस्कार वितरण एवं 11:00 बजे मुख्य अतिथि का प्रस्थान होगा।



### बलौदाबाजार में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, मंत्री टंकराम वर्मा हुए शामिल

# तिरंगा हमारी जान और शान है, हर कोई जुड़े इस यात्रा से : राजस्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

उत्साह-उमंग और सबकी भागीदारी के साथ देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को बलौदाबाजार में आयोजित तिरंगा यात्रा में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए।

- एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत किया पौधारोपण

तिरंगा यात्रा अम्बेडकर चौक से प्रारम्भ होकर नेहरू चौक, सराफा लाईन मुख्य मार्ग होते हुए अटल चौक में सम्पन्न हुआ। तिरंगा यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, स्काउट गाइड़ के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि तिरंगा हमारी जान है, तिरंगा हमारी शान है। इस तिरंगे के ▶▶ शेष पेज 11 पर





### माँ के नाम किया वृक्षारोपण

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर दीपक सोनी एवं एसपी भावना गुप्ता ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत लवन रोड में वृक्षारोपण किया। इसके पश्चात मंत्री श्री वर्मा ने मुरुम तालाब के सौन्दर्यीकरण कार्य का भी जायजा लिया और अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये।

### सिमगा में भाजपा की भव्य तिरंगा यात्रा, शिवरतन शर्मा हुए शामिल

सिमगा । स्वतंत्रता दिवस से पहले, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में सिमगा में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। अनिल पांडेय के निवास से शुरू हुई इस यात्रा में हजारों भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लहराते और डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों पर गुनगुनाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। इस दौरान भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई और चंद्रशेखर आजाद की वेशभूषा में सजे छोटे-छोटे बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के गगनभेदी नारे गूंज रहे थे, जिससे पूरा शहर देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। यात्रा सदर मार्ग से राधा-कृष्ण मंदिर और गौठान होते हुए वापस जय स्तंभ चौक पहुंची, जहाँ शिवरतन शर्मा सहित सभी कार्यकर्ताओं ने भारत माता की आरती उतारी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों के मन में देशभक्ति की भावना को जागृत करना है। उन्होंने बताया कि एक समय था जब हर कोई तिरंगा नहीं फहरा सकता ▶▶ शेष पेज 11 पर



## अमेरा हत्याकांड में खुलासा, नाबालिग ने की थी बुजुर्ग की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलोदाबाजार

बलौदाबाजार जिले के ग्राम अमेरा में हुई हत्या का खुलासा हो गया है। पुलिस ने 12 घंटे के भीतर इस मामले को सुलझाते हुए हत्या की आरोपी एक अपचारी बालिका को हिरासत में लिया है। बालिका ने सिर और चेहरे पर धारदार टंगिया से ताबड़तोड़ वार कर पुरुषोत्तम यादव नामक युवक की हत्या कर दी थी।

- पुलिस ने 12 घंटे के भीतर आरोपी अपचारी बालिका को पकड़ा

12 अगस्त, 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि सुबह 10 से 12 बजे के बीच पुरुषोत्तम यादव की उसके घर के बरामदे में धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। मृतक का शव खून से लथपथ पड़ा था। सूचना पर थाना पलारी में अपराध क्रमांक 289/2025 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर पलारी पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।



### मनोवैज्ञानिक पूछताछ में कबूला जुर्म

जांच के दौरान पुलिस ने पड़ोसियों, रिश्तेदारों और जान-पहचान के लोगों से पूछताछ की। इस दौरान एक अपचारी बालिका के बयान में बार-बार विरोधाभास देखने को मिला, जिससे पुलिस का शक गहरा गया। पुलिस टीम ने मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की, जिसके बाद बालिका ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### मोबाइल पर बात करने से रोकने पर हुई हत्या

बालिका ने पुलिस को बताया कि मृतक पुरुषोत्तम यादव उसे बार-बार डांटता था और मोबाइल पर बात करने से रोकता था। इस बात से नाराज और आवेश में आकर उसने लोहे की टंगिया से वार कर पुरुषोत्तम यादव की हत्या कर दी। पुलिस ने अपचारी बालिका को आज, 13 अगस्त 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बारिश नहीं होने से खेतों में पड़ीं दरारें, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण धान के खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। सावन माह में भी पर्याप्त बारिश न होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। बलौदाबाजार जिले से 24 किलोमीटर दूर कुम्हारी गांव और उसके आसपास के क्षेत्रों जैसे बगबुडा, धाराशिव, ढ़ाबाडीह और खैन्दा में स्थिति ज्यादा खराब है, जहाँ पिछले पंद्रह दिनों से बारिश नहीं हुई है।

किसानों का कहना है कि पर्याप्त पानी की कमी के कारण वे खेतों में खाद भी नहीं डाल पा रहे हैं। रोपाई की गई धान की फसलें सूखने के कगार पर पहुँच गई हैं। किसान बब्लू कोसले, बोधराम ठाकुर, पुनम और जुला ने बताया कि बारिश न होने से 70% से अधिक खेत सूख चुके हैं। उन्होंने गंगरेल बांध से तत्काल पानी छोड़ने की मांग की है, ताकि उनकी मेहनत बर्बाद होने से बच सके।

### बगबुडा क्षेत्र में सूखे की स्थिति, किसानों ने की गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की मांग



### सिंचाई के साधन भी नाकाफी

जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए पंप हैं, वे भी बिजली कटौती के कारण लगातार सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि 24 घंटे में वे मुश्किल से एक एकड़ जमीन की सिंचाई कर पाते हैं। किसानों ने बताया कि अगर अगले एक हफ्ते में पानी नहीं मिला तो उनकी सारी मेहनत और लागत बर्बाद हो जाएगी।

### कृषि कार्य प्रभावित

पानी की कमी के चलते धान की रोपाई, निराई और बियासी जैसे महत्वपूर्ण कृषि कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। किसानों को डर है कि अगर जल्द ही बारिश नहीं हुई या नहरों से पानी नहीं मिला तो पैदावार पर बुरा असर पड़ेगा और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उमस भरी गर्मी भी फसलों को नुकसान पहुंचा रही है।

## चाकूबाजी के 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाटापारा पुलिस ने रावणभाटा मैदान में चाकूबाजी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू और बेल्ट भी जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में शहर टीआई शशांक सिंह ठाकुर ने यह कार्रवाई की।

- पुरानी रंजिश में दिया वारदात को अंजाम, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

घटना 11 अगस्त की है, जब प्रार्थी लव सिंह यादव ने मनोज ध्रुव और उसके साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। लव सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते उसे बातचीत करने के लिए रावणभाटा मैदान बुलाया गया था। जब वह अपने दोस्तों के साथ वहाँ पहुँचा, तो आरोपियों ने उन्हें घेरकर चाकू, बेल्ट और पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में गौतम यादव और जनक साहू गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से गौतम यादव का ▶▶ शेष पेज 11 पर



### आरोपियों की पहचान

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मनोज ध्रुव उर्फ टुरू (उम्र 23 साल) निवासी नयापारा वार्ड और समीर चौहान उर्फ बड़े बाबू (उम्र 19 वर्ष) निवासी शक्ति वार्ड, भाटापारा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इन दोनों ने ही मुख्य रूप से इस घटना को अंजाम दिया था।

### अपराध दर्ज, जांच जारी

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 61(2), 296, 351(2), 115(2), 190, 191(2)(3) और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल, इस मामले में आगे की जांच जारी है।

### बाजार में पसहर चावल की बिक्री शुरू

## संतानों की लंबी आयु के लिए महिलाएं रखेंगी हलषष्ठी व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

संतानों की सलामती के लिए महिलाओं द्वारा रखा जाने वाला कमर छठ यानी हलषष्ठी पर्व कल, 14 अगस्त को मनाया जाएगा। इस व्रत के लिए पूजन सामग्री पसहर चावल की बिक्री बाजार में शुरू हो गई है, जिसकी कीमत 120 प्रति किलो है। भादो मास की शुरुआत के साथ ही त्योहारों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है, जिनमें हलषष्ठी का विशेष महत्व है।

यह पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के अवतार और कृषि व शक्ति के देवता बलराम जी की पूजा होती है, जिन्हें दाऊ भैया के नाम से भी जाना जाता है। ब्रज क्षेत्र में इसे बलदेव छठ और उत्तर भारत में ललही छठ के नाम से भी मनाया जाता है। इस दिन हल और बैलों की पूजा का विशेष महत्व है।



**हलषष्ठी व्रत का धार्मिक महत्वः** हलषष्ठी व्रत को संतान की प्राप्ति और उनकी लंबी आयु के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से बच्चों से जुड़ी सभी बाधाएं दूर होती हैं और भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है। इस दिन भक्त सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान करते हैं।

### व्रत और पूजा विधि

व्रत की शुरुआत सुबह स्नान कर साफ-सुथरे स्थान पर भगवान बलराम और श्रीकृष्ण की पूजा से होती है। इसके बाद हल और बैलों की पूजा कर आशीर्वाद लिया जाता है। व्रत के दौरान दिनभर सात्विक भोजन किया जाता है। व्रत के अंत में भगवान को प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की कामना की जाती है। मंदिरों में इस दिन छप्पन भोग और भजन-कीर्तन का आयोजन भी होता है।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप

### विधायक सोनी ने विद्यार्थियों को प्रदान किए प्रमाणपत्र



**रायपुर।** हिंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, आरडीए प्लाट, संजय नगर में मंगलवार को ग्रीन डे मनाया गया। इस अवसर पर संजय नगर गार्डन में अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण किया। इसी दौरान मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी ने पौधारोपण कार्यक्रम एवं राखी स्पर्धा में शामिल छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र भी वितरित किए। इस मौके पर श्री सोनी ने शाला के विद्यार्थियों को पेड़ों के महत्व और उसकी आवश्यकता के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पेड़ लगाकर उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मिर्जा एजाज बेग ने की। पौधारोपण कार्यक्रम में रेहाना बेगम, पार्षद बद्री प्रसाद गुप्ता, अभिषेक तिवारी, मुतवल्ली मस्जिद गरीब नवाज संजय नगर, सुरैया मिर्जा, इजहार बेग, रूही नाज, शेख नकीबा, निशा, भारती साहू, रंजना, संध्या, मुस्तरी, सबा निशा, फिरदौस, गुलफशा, गौसिया, रूखसार, मौलाना अमीर बेग, मो. कासम, सरफराज, नासिर सहित छात्र-छात्राएं, पालक एवं अनेक लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की रीढ़ हैं मितानिन बहनें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मितानिन संघ द्वारा विगत दिनों नवा रायपुर स्थित ग्राम तूता में किए जा रहे धरना-प्रदर्शन को जनता कांग्रेस (जे) छत्तीसगढ़ ने समर्थन दिया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, मितानिन बहनें शासन और जनता के बीच की वह मजबूत कड़ी हैं, जो न केवल सरकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाती हैं, बल्कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ भी हैं। उन्होंने कहा मितानिन बहनों की यह मांगें पूर्णतः न्यायसंगत हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इन मुद्दों को गंभीरता से लेकर पूरा करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा मितानिनें ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहली पंक्ति हैं। इनके बिना प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचा चरमरा जाएगा। सरकार को इनकी मांगों को ठंडे बस्ते में डालने के बजाय तुरंत बातचीत करके समाधान निकालना चाहिए। ज्ञात हो कि राज्य के 72,000 मितानिन कार्यकर्ताओं की हड़ताल से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

### शहर में हल्की बरसात आज से बढ़ेगा प्रभाव

**रायपुर।** लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को प्रदेश के मौसम में मामूली बदलाव हुआ। छाए बादल दो बार हल्के से मध्यम रूप में बरसे, जिससे थोड़ी राहत मिली। प्रदेश में बुधवार से बारिश का प्रभाव बढ़ने की संभावना खासकर बस्तर में दो दिन भारी वर्षा का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है।

### मवेशी से टकराकर वाहन चालक की मौत, केस दर्ज

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने मवेशी से टकराकर घायल हुए वाहन चालक की मौत के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 5 अगस्त को दोपहर में फुंडहर चौक के पास घटी। मृतक गुलशन कुमार बंजारे निवासी ग्राम नकटी दोपहिया वाहन से जा रहा था। इसी दौरान फुंडहर चौक के पास रोड पर खड़ी एक गाय से उसकी वाहन टकरा गई।

### पंचर बनवाने पहुंचे युवक को दुकानदार ने पीटा

**रायपुर।** उरला पुलिस ने मारपीट के मामले में एक पंचर बनाने वाले दुकानदार के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। घटना 11 अगस्त के दोपहर 2 बजे कन्हेरा डागा पेट्रोल पंप के पास की है। प्रार्थी खुमेंद्र पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके ट्रक का टायर पंचर हो गया था, जिसे बनवाने के लिए वह राजेश टॉयर दुकान पहुंचा। पंचर बनवाने के बाद पंचर के पैसे को लेकर दुकान के मालिक और अन्य एक व्यक्ति ने विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की। इससे उसे चोट आई है। इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस 296, 115-2, 351-2, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# पीजी हॉस्टल की छोटी पार्किंग और बंद कैमरे देख भड़के कमिश्नर, अधूरे काम पूरे करने सख्त हिदायत

हरभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पीजी हास्टल में डाक्टरों के वाहन के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं होने और डेढ़ साल से बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे देखकर कमिश्नर महादेव कांवरे भड़क गए। उन्होंने पीडब्लूडी के अधिकारियों को पुरानी शिकायतों को शीघ्र पूरा करने की हिदायत दी। कालेज के साथ उन्होंने अस्पताल जाकर मरीजों और ओपीडी की उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। इलाज के लिए आने वाले जरूरतमंद मरीजों को दी जाने वाली दवा के स्टॉक के बारे में भी पूछताछ की।

## संभागायुक्त पहुंचे मेकाहारा, निर्माण के साथ मरीजों का भी हाल जाना





### आवास समस्या पुरानी

मेडिकल कालेज में पढ़ाई करने वाले छात्रों की आवास समस्या पुरानी है। यहां यूजी छात्रों के लिए हास्टल का निर्माण तो किया जा रहा है मगर उसका काम काफी धीमा है। सूत्रों का कहना है अभी अधूरा खड़ा ढांचा जब तक वास्तविक भवन के रूप में तैयार होगा तब तक प्रवेश लेने वाला बैच पढ़ाई पूरी कर चुका होगा। हास्टल को लेकर कुछ समय पहले काफी बवाल भी हुआ था।

संभागायुक्त महादेव कांवरे ने सोमवार को शासकीय जेएन मेडिकल कालेज और आंबेडकर अस्पताल का जायजा लिया। पीजी हास्टल में पर्याप्त पार्किंग नहीं होने की वजह से डाक्टरों की अस्त-व्यस्त गाड़ियां देखकर उन्होंने पीडब्लूडी के अधिकारियों से इस बारे में पूछताछ की। इस दौरान उन्हें पता चला कि हास्टल में मौजूद सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं, इसकी वजह से वहां से डाक्टरों की गाड़ियां भी चोरी हो जाती हैं। कई बार सूचना देने के बाद भी इसे ठीक करने के लिए मेंटेनेंस टीम गंभीरता नहीं दिखा रहा है। इस समस्या के बारे में जानकर कमिश्नर ने मौजूद अफसरों के सामने नाराजगी जताई और कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

## कल तक प्रपोजल जमा करने का मौका, बेसमैप अपडेशन और प्रापर्टी के सर्वे की तैयारी

# 8 साल बाद शहर का फिर होगा सर्वे, नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर कर निजी एजेंसियों से मंगाए प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

8 साल बाद शहर का एक बार फिर नये सिरे से सर्वे होगा। निगम के राजस्व महकमा ने राजधानी सहित आउटर स्थित 70 वार्डों के मकान, दुकान, भवन, खाली भूखंडों का सर्वे कराने निजी एजेसियों से ऑनलाइन टेंडर कर प्रस्ताव मंगाये हैं। 14 अगस्त तक संबंधित एजेंसी को अपना प्रस्ताव जमा करना होगा। निगम को ऑनलाइन मिलने वाले प्रस्ताव का पहले अध्ययन किया जाएगा, इसके बाद संबंधित एजेंसी से प्रेजेंटेशन लेकर कम दर वाले अच्छे प्रस्ताव का चयन कर सर्वे के लिए टेंडर किया जायेगा।

- प्रस्ताव का पहले अध्ययन, फिर होगा प्रेजेंटेशन
- नए निर्माण की मिलेगी जानकारी, छूटी हुई प्रापर्टी अपडेट होगी, कंस्ट्रक्शन का एरिया बढ़ा मिला तो टैक्स बढ़ेगा

दरअसल, रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में 3 लाख 60 हजार रजिस्टर्ड प्रापर्टी है, जिनमें से 3 लाख प्रापर्टी से नगर निगम को संपत्ति कर मिल रहा है। 60 हजार संपत्तियां ऐसी हैं, जिनसे प्रापर्टी टैक्स की वसूली नहीं हो पा रही है। सूत्रों के मुताबिक शहर में 50 हजार नए निर्माण ऐसे हैं, जिनकी जानकारी नगर निगम को नहीं है। वहीं नगर निगम के रिकार्ड में शहरभर में 36 हजार डायवर्सन किये हुए खाली भूखंड दर्ज हैं। इसमें से 19,752 ओपन प्लॉट अपडेट हैं, जिनसे नगर निगम को संबंधित भूखंड मालिक से खाली प्लॉट पर टैक्स मिल रहा है, वहीं 16 हजार ओपन प्लॉट ब्लाग्ड प्रापर्टी के रूप में है, जिनके भूखंड स्वामी किसी कारण से टैक्स नहीं दे रहे। अब इन ब्लाक्ड ओपन प्लाट के लोकेशन एरिया और प्लॉट होल्डर को ढूंढ निकालने नगर निगम शहरभर में ओपन प्लॉट का एक बार फिर सर्वे करायेगा। चूंकि आउटर के वार्डों में खाली भूखंडों की संख्या ज्यादा है, इसे चिन्हांकित कर के दायरे में लाया जायेगा। कृषि भूमि के व्यावसायिक उपयोग को भी सर्वे के दौरान ध्यान रखा जायेगा।

### सर्वे में तीन प्रमुख बातों पर रहेगा फोकस



निगम की उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा के मुताबिक शहरभर में नये सिरे से होने वाले प्रस्तावित सर्वे में हमने तीन प्रमुख बातों पर फोकस किया है। इसमें से पहला है रिसेंट प्रापर्टी, दूसरा ब्लाक प्रापर्टी और तीसरा अनएसेस प्रापर्टी। इस तरह संपूर्ण रूप से सर्वे कर डाटा जुटाने की मंशा है। इससे नगर निगम को पिछले 8 साल में किये गये नए निर्माण की जानकारी मिलेगी साथ ही ऐसे पुराने निर्माण जिस पर सर्वे के बाद कंस्ट्रक्शन एरिया बढ़ाया गया है उसका नए सिरे से करारोपण किया जाएगा।

### घर-घर जाकर सर्वे करेगी एजेंसी

नगर निगम से अनुबंधित एजेंसी अनुबंध की शर्त के मुताबिक अपने कर्मचारियों के माध्यम से घर-घर जाकर आवासीय एवं व्यावसायिक निर्माण को लेकर सर्वे करेगी। यही नहीं, खाली भूखंड के बारे में जानकारी जुटाने और रहवासी इलाकों में व्यावसायिक प्रयोजन से हुए निर्माण पर नजर रखते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार कर निगम प्रशासन को देगी।

### पिछले सर्वे में निगम की फूटी कौड़ी खर्च नहीं, इस बार 1 से 2 करोड़ का लगेगा फटका

साल 2016-17 में शहर का जीआईएस सर्वे कराया गया। इसके लिए केन्द्र सरकार ने एजेंसी नियुक्त की और 2.5 करोड़ रुपये का भुगतान भी केन्द्र से हुआ। रायपुर नगर निगम को इस कार्य में फूटी कौड़ी खर्च नहीं करनी पड़ी, क्योंकि उस समय यह सर्वे विश्व बैंक परियोजना का एक हिस्सा रहा, जबकि इस बार नगर निगम को शहरभर का सर्वे कराने में 1 से 2 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है। अनुबंधित एजेंसी को यह राशि सर्वे कार्य के लिए भुगतान करना होगा। पिछली बार एजेंसी से रायपुर शहर में कराये गये जीआईएस सर्वे में काफी गलतियां मिली थीं। सूत्रों के मुताबिक करीब 40 हजार प्रापर्टी के सर्वे में खामियां पायी गयीं। मसलन मठ, मंदिर, मस्जिद पर नियमतः टैक्स नहीं लगता, पर एजेंसी ने उन्हें टैक्स के दायरे में लिया। तालाबों को खाली प्लॉट बताकर उन्हें प्रापर्टी मान ली गयी। रहवासी इलाके की घर में खोली गई छोटी दुकान से व्यावसायिक दर पर जलशुल्क लगाया गया। कुल मिलाकर गलतियां सुधारने लोग महीनों भटकते रहे।

## शेयर-क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश का झांसा, एक करोड़ से ज्यादा की ठगी, आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शेयर और क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश कराने के नाम पर ठगी करने वाले फरार आरोपी अभिलाष मसीह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथी अभिषेक प्रवीण मसीह के साथ मिलकर कई लोगों को ट्रेडिंग में निवेश कर फायदा पहुंचाने का झांसा देकर उनसे एक करोड़ 11 लाख 25 हजार रुपए की ठगी की है। आरोपी का साथी प्रवीण अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। न्यू राजेंद्र नगर थाना से मिली जानकारी के अनुसार भिलाई-3 निवासी भागीरथी यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कमल विहार रायपुर निवासी अभिलाष मसीह एवं अभिषेक की प्रवीण मसीह से मुलाकात हुई थी। इस दौरान दोनों ने शेयर ट्रेडिंग एवं क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश कर दो से तीन गुना फायदा होने की बात कही थी। उसके झांसे में आकर भागीरथी सहित अन्य कई लोगों ने अपने पैसे निवेश किए थे। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों ने भागीरथी सहित अन्य लोगों से कुल एक करोड़ 11 लाख 25 हजार रुपए की ठगी की और फरार हो गए थे। इनमें से अभिलाष को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है, वहीं अभिषेक अभी भी फरार है।

## आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ा माना में दो लोगों को काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर तथा इससे लगे आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। रायपुर शहर में जहां वीआईपी कालोनियों को छोड़कर अन्य सभी वार्डों में आवारा कुत्तों के आतंक से लोग खौफ में हैं, वहीं शहर से करीब 10 किलोमीअर दूर माना क्षेत्र में कुत्तों का अब आतंक देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार माना क्षेत्र में एक ही दिन में दो लोगों को एक पागल कुत्ते ने काट लिया है। हालांकि खबर यह भी है कि इस क्षेत्र में दो नहीं, बल्कि कई लोगों को पागल कुत्ते ने अपना शिकार बनाया है। इस क्षेत्र के भाजपा नेता एवं डा. बिश्वास ने बताया कि माना क्षेत्र में कुत्तों का आतंक के साथ आवारा मवेशियों से भी लोग परेशान हैं।

**आवारा मवेशियों के कारण कई लोग घायल हो चुके-** उन्होंने बताया कि आवारा मवेशियों का सड़कों पर दिन-रात जमावड़ा लगा रहता है। इसके कारण सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही है। कई दोपहिया वाहन सवार लोग मवेशियों के कारण गिरकर घायल हो चुके हैं।

### रात में निकलने में लगता है डर

डा. बिश्वास ने बताया कि माना क्षेत्र में आवारा कुत्तों के कारण लोगों को अब रात के समय में घर से निकलने और सड़क पर चलने में डर लगने लगा है। आवारा कुत्तों का झुंड कभी भी लोगों पर हमला कर सकता है। उन्होंने कहा कि भोजन नहीं मिलने और बीमारी के कारण कई कुत्ते पागल भी हो रहे हैं, जिसके कारण अब वे लोगों को काटने लगे हैं। उन्होंने बताया कि माना नगर पालिका ने आवारा कुत्तों और मवेशियों को पकड़ने के लिए वाहन क्रय किया है, लेकिन इसके बाद भी उन्हें पकड़ा नहीं जा रहा है। इससे पूरे माना में दहशत का माहौल है।

## तीन तलाक सहित भारत के नए आपराधिक कानून पढ़ेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026-27 सत्र से लीगल स्टडीज के पाठ्यक्रम में धारा 377 को निरस्त करने, ट्रिपल तलाक और देशद्रोह जैसे पुराने कानून खत्म करने तथा भारत के नए आपराधिक कानूनों को शामिल करने का निर्णय लिया है। सीबीएसई के पाठ्यक्रम समिति ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसे जून में गवर्निंग बॉडी ने भी स्वीकृति दे दी। अब सीनियर सेकेंडरी के छात्र उपनिवेशकालीन कानूनों की जगह आए नए प्रावधानों, महत्वपूर्ण फैसलों और कानूनी सिद्धांतों का अध्ययन करेंगे, जिन्होंने भारत की न्याय व्यवस्था को नया रूप दिया है। मिनट्स ऑफ मीटिंग के अनुसार, लीगल स्टडीज की कक्षाएं 11वीं में 2013 और 12वीं में 2014 से शुरू हुई थीं। तब से भारत के कानूनी ढांचे में बड़े बदलाव हुए हैं, जिनमें 2023-24 में भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह क्रमशः भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल है।

## स्वच्छता संगम : साय, साव के हाथों रायपुर सम्मानित, मीनल, राठौर ने लिया सम्मान

- राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को गौरव दिलाने वाले नगरीय निकाय का बढ़ाया हौसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने सफाई के मामले में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को गौरव दिलाने वाले नगरीय निकायों को मंच पर सम्मानित किया। रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे और निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के हाथों मंगलवार को यह सम्मान प्राप्त किया।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा बिलासपुर में स्वच्छता संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विशिष्ट अतिथि नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव उपस्थित रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ को मान दिलाने वाले नगरीय निकायों का मंच पर सम्मान किया गया। विदित हो, रायपुर नगर निगम को राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में देश के 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहर की श्रेणी में 11,996 अंकों सहित चौथी रैंकिंग और गार्बेज फ्री सिटी की श्रेणी में राज्य का पहला 7 स्टार रैंकिंग मिलने पर दिल्ली में पुरस्कृत होने का हाल ही में मौका मिला। इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन विभाग ने स्वच्छता के क्षेत्र में मिनिस्ट्रियल अवार्ड से पुरस्कृत रायपुर शहर की इस उपलब्धि पर स्वच्छता संगम में महापौर मीनल चौबे और सभापति सूर्यकांत राठौर को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया। यह

## प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था, आपराधिक घटनाओं से प्रदेश में डर का वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था, रोज हो रही हत्याओं, चाकूबाजी, लूट से डर का वातावरण है। रोज हो रही हत्याओं और आपराधिक घटनाओं से पूरी राजधानी में भय का माहौल है। हत्या और चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई हुई है। उन्होंने कहा, भाजपा का घर-घर तिरंगा अभियान नई राजनैतिक नौटंकी है। भाजपा का घर-घर तिरंगा अभियान प्रायश्चित के लिये है। आजादी के बाद 52 वर्षों तक आरएसएस के मुख्यालय नागपुर में तिरंगा नहीं फहराया गया था। आज भाजपाई देशभक्ति का ढोंग करने घर-घर तिरंगा अभियान चला रहे हैं। अपने पूर्वजों के पापों का प्रायश्चित करने भाजपाई तिरंगा अभियान की नौटंकी कर रहे हैं।

**वोट चोरी पकड़े जाने पर भाजपा तिलमिला रही**

उन्होंने कहा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी का प्रमाण प्रस्तुत किया है। वोट चोरी का भांडा फूट जाने के बाद चुनाव आयोग का बचाव करने भाजपा क्यों सामने आ रही है? वोट चोरी में भाजपा को लाभ हुआ है, इसलिये चुनाव आयोग का बचाव कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा अभी तक गोठानो का विरोध करती थी, अब गोधाम के नाम से शुरू करना पड़ रहा है। केवल हाईवे के किनारे गोधाम क्यों? कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए सभी 10 हजार गोठानो को तत्काल शुरू करना चाहिये। यह छत्तीसगढ़ की परंपरा व संस्कृति है, जिसका पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने संरक्षण और संवर्धन का काम किया, हाईकोर्ट की लगातार फटकार के बाद अब यह सरकार जागी है।

## प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के संबंध में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




ऑडिटोरियम सिविल लाइंस स्थित सर्किट हाउस में मंगलवार को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के संदर्भ में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में आंचलिक कार्यालय से दो दिवसीय निरीक्षण दौरे पर आए हुए अपर केंद्रीय भविष्यनिधि आयुक्त वी. रंगनाथ की अध्यक्षता में किया गया। इसी दौरान वी. रंगनाथ ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा विनिर्माण क्षेत्र में नए रोजगार सृजन, कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र का विस्तार करने और उन्हें आर्थिक स्थिरता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की घोषणा की गई है।

उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी लगने और कर्मचारी का यूएएन जनरेट होने पर कर्मचारी को प्रोत्साहन के तौर पर 6-6 महीनों के अंतराल में दो किस्तों में अधिकतम 15 हजार की राशि प्रदान की जाएगी और दूसरी ओर भ वि ष्य नि धि अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत संस्थानों के नियोक्तओं को नए रोजगार सृजन पर एवं 6 माह के समापन पर प्रति कर्मचारी अधिकतम 3 हजार की प्रोत्साहन राशि सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। इस योजना के क्रियान्वयन से नए रोजगारों के सृजन के साथ ही कामगारों को आर्थिक स्थिरता प्राप्त होगी। इस योजना का लाभ 1 अगस्त से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित रोजगार पर लागू होगा, जिसके अंतर्गत एक लाख रुपए तक वेतन पाने वाले कर्मचारी ही इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। कार्यक्रम में उरला उद्योग संघ के अश्विन गर्ग, महेश कक्कड़ समेत नियोक्ता, कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स, नियोक्ता संघ के प्रतिनिधि, चैंबर ऑफ कामर्स के सदस्यों, कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों एव यूनियन प्रतिनिधियों ने मुख्य रूप से भाग लिया।

- योजना का लाभ 1 अगस्त से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित रोजगार पर लागू होगा

## सतनामी समाज की 251 प्रतिभाओं का सम्मान



**रायपुर।** सतनामी समाज के लोगों ने सोमवार को अपने गुरुमाता व प्रदेश की प्रथम महिला सांसद होने का गौरव प्राप्त स्व. मिनीमाता की 53वीं पुण्यतिथि पर स्मृति दिवस व प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी तथा राजश्री सद्भावना समिति की ओर से सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में हुआ। कार्यक्रम में समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, वीरता, विधि, पत्रकारिता, कला, साहित्य तथा समाजोत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रदेश के अलग-अलग जिलों की महिलाओं, 10वीं-12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों, नीट चयनित व खेल जगत से जुड़ी हुई हस्तियों सहित कुल 251 प्रतिभाओं को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, साड़ी, कॉपी, पेन सेट तथा बुके भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि शोषण, भेदभाव तथा अत्याचार से मुक्त समतामूलक समाज के निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम को बिलाईगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे, राजश्री सद्भावना समिति की अध्यक्ष शकुन डहरिया, दिनेश साध मुंबई, बाबा कमलेश दास कोटवाधाम उ.प्र., ज्योति लाल बंजारे, मदन सतनामी ने संबोधित किया। सम्मानित होने वाले सामाजिक जनप्रतिनिधियों में नगरपालिका अभनपुर के अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे तथा मंदिर हसौद पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी भी शामिल थे।

- वृंदावन हॉल में मनाया मिनीमाता स्मृति दिवस

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर कार्यक्रम में अध्यक्ष केपी खंडे, डॉ. जेआर सोनी, सुंदरलाल जोगी, चंपादेवी गेंदले, केएन भारद्वाज, डीएस पात्रे, एमडी माहिलकर, आरके गेंदले, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पीएमओ डायरेक्टर ने की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया स्थित विद्युत सेवा भवन में पूजा जैन, डायरेक्टर प्रधानमंत्री कार्यालय ने विभागीय आधिकारियों, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों तथा वेंडरों की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को बैंकों से ऋण प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों तथा वेन्डरों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में 18 राष्ट्रीकृत तथा निजी बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। योजना अंतर्गत विभिन्न बैंकों द्वारा सोलर रूफटॉफ प्लांट लगाने के लिए अपनाई जा रही ऋण प्रक्रिया में एकरूपता लाने तथा न्यूनतम आवश्यक डॉक्यूमेन्टेशन के साथ ऋण उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। ऋण स्वीकृति के बाद प्रकरण निरस्त किए जाने तथा ऋण प्रदाय में हो रहे विलंब पर चिंता व्यक्त करते हुए बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। उपभोक्ताओं को योजना अंतर्गत प्रदाय किए जा रहे ऋण की अवधि तथा उपभोक्ताओं द्वारा देय ईएमआई के संबंध में उपभोक्ताओं से चर्चा कर उन्हें पूरी जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, उपभोक्ताओं के ऋण संबंधी आवेदन जानकारी के अभाव में निरस्त न हो। अधिक से अधिक उपभोक्ता बैंकों द्वारा प्रदाय किए जा रहे ऋण सुविधा का लाभ लेकर, योजना अंतर्गत अपनी छतों पर सोलर प्लांट लगाकर इसका लाभ लें, ताकि मुफ्त बिजली की ओर अग्रसर हो ताकि योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य को प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति हो सके। बैंकों द्वारा ऋण प्रदाय करने आ रही कठिनाइयों से अवगत होते हुए उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

**खबर संक्षेप**

### इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक संघ की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**भाटापारा।** इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक संघ की द्विवार्षिक बैठक 2 स्थानीय हर्षद रेस्टोरेंट में रखी गई।जिसमें सर्वसम्मति से प्रकाश सोनी को अध्यक्ष,पवन अग्रवाल को कार्यवाहक अध्यक्ष, प्रदीप अग्रवाल को उपाध्यक्ष, राजेश साहू को सचिव, गौकरण साहू को सह सचिव एवं स्वरूप अग्रवाल को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। एसोसिएशन के सदस्यों में सुनील दुबे, आलोक मोदी, विश्वनाथ गुप्ता, रामचंद्र सचदेव, संजय मक्कड़, किशु सचदेव, प्रकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शंकर छाबड़ा, वरुण वर्मा, आशीष सोलंकी, आशीष देवांगन, जीतू साहू, नीरज लाहोटी, राकेश अग्रवाल, संजय वलीचा व महेंद्र शाह ने नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

### मीसा बंदियों के वंशजों के लिए युवा संकल्प की शुरुआत

**रायपुर।** लोकतंत्र रक्षक संघ ने मीसा बंदियों के वंशजों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए "युवा संकल्प" की शुरुआत की है। इसमें युवाओं के कौशल विकास के लिए विभिन्न तरह का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा। संघ के अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, उपाध्यक्ष सुहास देशपांडे ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। श्री उपासने ने कहा कि 1975-77 के आपातकाल में हजारों लोकतंत्र सेनानियों ने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने यातनाएँ सही और जेलों में समय बिताया। आज उनके परिवार, विशेषकर युवा पीढ़ी, कई क्षेत्रों में पिछड़ेपन का सामना कर रही है। इन्हीं युवाओं को हुनरमंद बनाने युवा संकल्प एक ठोस प्रयास है। इसमें कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत कंप्यूटर,प्रोसेसिंग, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# इस बार श्रीगणेश प्रतिमाओं की बुकिंग ज्यादा, समितियां तैयारी में जुटीं

## 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी, शहर में दिखेगा भक्ति और उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

खरोरा में गणेशोत्सव की तैयारियां पूरे जोश के साथ शुरू हो गई हैं। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि यानी 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी, जिसके लिए मूर्तिकार भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को अनेक स्वरूपों में आकार देने में दिन-रात जुटे हुए हैं। सार्वजनिक गणेशोत्सव समितियां भी पंडालों को सजाने और विघ्नहर्ता के स्वागत की तैयारी में लग गई हैं। इस बार पंडालों में भगवान श्री गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण का केंद्र होंगी।

मूर्तिकार गिरधर पाध्याय ने बताया कि इस वर्ष मूर्तियों की मांग पिछले साल की तुलना में अधिक है और अभी से बुकिंग शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि डेढ़ दर्जन से अधिक बड़ी प्रतिमाएं समितियों के ऑर्डर पर तैयार की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस बार पंडालों में भगवान श्री गणेश सागर मंथन पर विराजमान भोलेनाथ, मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम, नटखट नंदलाल और राधा कृष्ण जैसे कई मनमोहक स्वरूपों में विराजमान होंगे।सार्वजनिक गणेशोत्सव समितियों ने पंडालों के आसपास साफ-सफाई और सजावट का काम शुरू कर दिया है। वहीं, घरों में भी गणेश जी के स्वागत के लिए तैयारी चल रही है। बच्चों से लेकर युवाओं तक सभी में मूर्तियों की बुकिंग और गणेशोत्सव को लेकर खासा उत्साह है।



### मूर्तिकारों को प्रतिस्पर्धा से कम हो रहा मुनाफा

मूर्तिकार गिरधर पाध्याय ने बताया कि पहले की अपेक्षा अब हर बड़े गाँव में कई मूर्तिकार गणेश प्रतिमाएं बना रहे हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। इस वजह से उन्हें अब कम मुनाफे में संतोष करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि छोटी प्रतिमाएं लगभग तैयार हो चुकी हैं, जबकि बड़ी प्रतिमाओं को आकार देने के बाद अब केवल रंग-रोगन का काम बचा है।

## तैयारी : श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों को दिए निर्देश

# जिले में 16 को मनाई जाएगी जन्माष्टमी कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी की जन्मस्थली गिरौदपुरी धाम में 16 अगस्त 2025 को जन्माष्टमी उत्सव मनाया जाएगा। तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को कलेक्टर दीपक सोनी गिरौदपुरी धाम पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले गुरु गद्दी का दर्शन और पूजा अर्चना की, जिसके बाद अधिकारियों के साथ मिलकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं और व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, एंबुलेंस, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, शौचालय और वाहन पार्किंग जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की जानकारी ली और शेष बचे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारीपूर्वक निभाएं ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।



**गिरौदपुरी धाम में चल रहे विकास कार्य:** कलेक्टर ने बताया कि गिरौदपुरी धाम में दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए तीन करोड़ रुपये की लागत से एक छायादार शेड का निर्माण जल्द शुरू होगा। इसके अलावा, पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 1.28 करोड़ रुपये की लागत से 10 अन्य विकास कार्यों की भी स्वीकृति मिली है, जिसमें अमृत कुंड से छाता पहाड़ तक सीढ़ी निर्माण, मेला परिसर का समतलीकरण और सामुदायिक भवन का निर्माण शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि 56 करोड़ रुपये की गिरौदपुरी समूह पेयजल परियोजना का कार्य भी प्रगति पर है, जिससे क्षेत्र के 23 गांवों को लाभ होगा।

**ये रहे उपस्थित:**इस दौरान एसडीएम आरआर दुबे, एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इन सभी ने कलेक्टर के निर्देशों के अनुसार तैयारियों को अंतिम रूप देने का आश्वासन दिया।



### युवा यादव महासभा करेगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन

**खरोरा ।** नंदनंदन, यशोदानंदन भगवान श्रीकृष्ण की असीम कृपा से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी युवा यादव महासभा तिल्दा-नेवरा सासाहोली द्वारा भव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 17 अगस्त 2025, दिन रविवार को किया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ अंबेडकर भवन से भव्य शोभायात्रा के साथ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। शोभायात्रा के पूर्व बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर दसवीं और बारहवीं में 70% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, समाज के स्वजातीय जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। युवा यादव महासभा ने समस्त समाज बंधुओं से आग्रह किया है कि वे इस पावन अवसर पर सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के आनंद में सहभागी बनें।

### मोपकी में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्राम पंचायत मोपकी में विश्व आदिवासी दिवस रविवार को मनाए गए जिसमें मुख्य अतिथि- अग्रेश्वर ध्रुव जनपद सदस्य अध्यक्षता अहिल्या कामता ध्रुव सरपंच अतिथि पुसऊ राम ध्रुव फिरन्ता राम ध्रुव शाम को नगर भ्रमण नारे लगाते हुए गांव के सभी देवि देवताओ में पूजा अर्चना किया गया उसके बाद में गांधी चौक में शहिद वीर नारायण सिग के मूर्ति पर पूजा अर्चना माल्यार्पण किया गया उसके बाद अतिथियों का स्वागत व सांस्कृतिक कार्यक्रम पारंपरिक कर्मा सुआ प्रस्तुत किया गया पतिवान छात्र-छात्राओं को शिल्ड व मेंडल से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में समान के मोहन प्रसाद जगत राय पंच क्षीकांत मरकाम, केशव नेताम,संतोष ध्रुव दुकलहा ध्रुव,सोमनाथ ध्रुव,रोहित ध्रुव प्रताप ध्रुव, लिला राम ध्रुव, कामता, ध्रुव, भवर सिग नेताम, राम ध्रुव, जगदिश ध्रुव, निरंजन ध्रुव,छगन ध्रुव,पिला राम ध्रुव,फूलूक राम ध्रुव,भान सिग अंगार सिंग ध्रुव, संतोष ध्रुव आदि समाज के लोग उपस्थित थे।

### क्रेडा अध्यक्ष सवन्नी को क्लीन चिट

**रायपुर।** क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी के खिलाफ की गई शिकायत के बाद ऊर्जा विभाग ने इस प्रकरण को आधारहीन बताते हुए नस्तीबद्ध कर दिया है। उल्लेखनीय है कि क्रेडा के कुछ वेंडरों ने इस संबंध में उच्च स्तरीय शिकायत की थी। शिकायत पर जांच का दायित्व ऊर्जा सचिव रोहित यादव को सौंपा गया था। उनकी जांच में शिकायत निराधार पाई गई।

## भाटापारा कॉलेज में चला नशा मुक्त भारत अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शासकीय गजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज ने की। अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ. आनंद कुमार मिंज ने कहा कि मानव जीवन में नशा एक अभिशाप की तरह फैलता है और जीवन नष्ट कर देता है।

आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. शशि किरण कुजूर ने नशा को जीवन सम्बन्धों में विष घोलने वाला कहा और नशे से दूर रहने की अपील की। नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम के तहत निबन्ध, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढकर सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नशा मुक्त रहने की शपथ ली एवं समाज को जागरूक करने का प्रण लिया। कार्यक्रम में समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अमेरिका से लौटे विधायक संदीप साहू का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ साहू संघ धन्नू साहू के नेतृत्व में बलौदाबाजार जिले के सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अमेरिका से लौटने पर विधायक संदीप साहू का एयरपोर्ट में भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर साहू समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। एयरपोर्ट पर सुबह से ही साहू समाज के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे। जैसे ही विधायक संदीप साहू आगमन हॉल से बाहर आए, समर्थकों ने फूल मालाओं और नारों के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया। ढोल-नगाड़ों की थाप से पूरा माहौल उत्सवमय हो गया।

धन्नू साहू ने बताया कि विधायक संदीप साहू ने अमेरिका प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था। उनकी वापसी पर समाज के लोगों ने इसे गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि संदीप साहू ने विदेश में भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति और समाज की पहचान को मजबूती से प्रस्तुत किया। इस मौके पर विधायक संदीप साहू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वागत उनके लिए प्रेरणादायक है और वे समाज एवं क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि विदेश में रहकर उन्होंने जो अनुभव और सीख प्राप्त की है, उसे प्रदेश के विकास कार्यों में उपयोग करेंगे। स्वागत कार्यक्रम में साहू समाज के अनेक पदाधिकारी, युवा प्रकोष्ठ के सदस्य एवं बड़ी संख्या क्षेत्रवासी मौजूद रहे। एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद भी समर्थकों का उत्साह बना रहा और काफिले के साथ जगह-जगह लोगों ने उनका अभिनंदन किया ।

## रासेयो ने निकाली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना, इको क्लब, ग्राम पंचायत, शाला विकास समिति और आयुष ग्राम हथबंद के संयुक्त प्रयास से संभव हुआ। कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में दल नायक जितेंद्र यादव और दल नायिका मीनाक्षी कोसले के नेतृत्व में यह रैली निकाली गई।

रैली भारत माता चौक, तिगड्डा चौक, दुर्गा चौक और बाजार चौक से होते हुए वापस विद्यालय परिसर में पहुंची। इस दौरान भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद और मेरी जान मेरी जान हिंदुस्तान हिंदुस्तान जैसे जोशीले नारे गूंजते रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल बन गया।




### कार्यक्रम में शामिल हुए गणमान्य व्यक्ति

इस रैली में विधानसभा बलौदाबाजार के विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, शाला विकास समिति की अध्यक्ष विद्या वर्मा, सहकारी समिति हथबंद के अध्यक्ष धनेश निषाद, सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत, आयुष ग्राम हथबंद की डॉ. नम्रता सिंघानिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। झरना देवी मानव संस्थान के संस्थापक डॉ. उत्तम विश्वास और संस्था के प्राचार्य सी.के. नायक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

**वक्ताओं ने बताया तिरंगे का महत्व:** रैली के दौरान बाजार चौक में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने तिरंगा यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को बधाई दी। शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष जीतू यादव ने आजादी के लिए दिए गए बलिदानों को याद करते हुए लोगों को सजग रहने की बात कही। सहकारी समिति कुकराचुंदा के अध्यक्ष मोहन धिकड़े ने भी तिरंगे को आजादी का प्रतीक बताते हुए उसके महत्व को समझाया।

## शाला विकास समिति की बैठक में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति और शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक चली इस बैठक में ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस.एल. पटेल ने शाला विकास समिति से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण करने का आग्रह किया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हमारी माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक अनूठा तरीका है। बैठक में शाला विकास समिति के अध्यक्ष सबद राम यादव, अंत राम साहू सरपंच एवं विधायक प्रतिनिधि भीष्म साहू, अनुज साहू, अध्यक्ष पूर्व मा. विद्यालय खम्हारिया नारायण साहू, दरस राम टंडन ( पत्रकार ), धन साय यादव, सहनू कर्स, उप सरपंच प्रहलाद दास एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।



## पेज 9 के शेष

### स्वतंत्रता दिवस समारोह...

परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर ने और परेड 2 आईसी मेघनाथ बंजारे ने किया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अभ्यास किया।

### तिरंगा हमारी जान...

मान और सम्मान की रक्षा के लिए देश के अनगिनत नौजवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। हमारे केंद्रीय नेतृत्व का आह्वान है कि तिरंगा हर घर पर फहराया जाए, हर व्यक्ति को इससे जोड़ा जाए और तिरंगा यात्रा को जन-जन का उत्सव बनाया जाए। राजस्व मंत्री ने सभी नागरिकों से अपने घर पर तिरंगा अवश्य लगाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में, सभी ने नशा मुक्ति की शपथ लेकर एक स्वस्थ और जागरूक समाज बनाने का संकल्प लिया।

### सिमगा में भाजपा....

था, लेकिन सांसद नवीन जिंदल के प्रयासों से हम सभी को यह अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे शौर्य और सम्मान का प्रतीक है और सभी को अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि करोड़ों बलिदानियों के सम्मान के लिए हमें हर घर में तिरंगा लगाकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करनी चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, धीरज जैन, परीक्षित चतुर्वेदी, केजूराम बघेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

### चाकूबाजी के 2...

इलाज एम्स रायपुर में चल रहा है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की और दो मुख्य आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान, उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर चाकू और अन्य धारदार हथियारों से मारपीट करने की बात कबूल की। पुलिस ने बताया कि आज, 13 अगस्त 2025 को दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है, जबकि इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश अभी भी जारी है।

## खरोरा महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों ने ली शपथ

# नशा समाज और सेहत के लिए बेहद घातक : हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय खरोरा में राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत एक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और नशा मुक्त रहने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर राजनीति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक हिमांशु ध्रुव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि यह हमें मानसिक और आर्थिक रूप से भी कमजोर करता है। उन्होंने बताया कि नशे के कारण व्यक्ति अपना मानसिक संतुलन खो देता है, जिससे वह कई अप्रिय घटनाओं को अंजाम दे बैठता है। उन्होंने कहा कि नशा सभ्य समाज के लिए एक दानव की तरह है, जो अनेक परिवारों और समाजों को बर्बाद कर देगा।

**कार्यक्रम में सहभागिता:** इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। इस तरह के आयोजनों से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है।



### जागरूकता फैलाने की अपील

हिमांशु ध्रुव ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे केवल खुद को ही नहीं, बल्कि अपने घर, पड़ोस और गाँव के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने वाले लोगों को यह नशा अकर्मण्य बना देगा, इसलिए इससे दूर रहना ही सबके हित में है।

**न्यायालय तहसीलदार सोनाखान**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपर कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा के मामला क्रमांक 202507210900014 ब/121 वर्ष 2024-25 के अनुसार आवेदिका श्यामबाई ठाकुर पति स्व. भोलाभगत सिंह ठाकुर ग्राम वीरनारायणपुर (भूसड़ीपाली) तहसील सोनाखान द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें लेख किया है कि आवेदिका के पति भोलाभगत सिंह ठाकुर पिता स्व. रामरतनसिंह ठाकुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनाखान में पदस्थ थे एवं सेवाकाल के दौरान आकस्मिक निधन होने के कारण उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र की मांग किया गया है। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 27.08.2025 को नियत है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई दावा/आपत्ति हो तो वह दिनांक 27.08.2025 को स्वतः उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के जरीये उपस्थित होकर पेश कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा अंकित किया गया है।

मुहर — तहसीलदार सोनाखान

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
08 अगस्त 2025 SHOW TIME
महा अवतार नरसिम्हा
शो समय - 12,3,6,9 PM
अंदाज - 2
शो समय - 12 PM,6 PM
उदयपुर फाइल्स-कन्हैया लाल मर्डर
शो समय - 3 PM
सन ऑफ सरदार - 02
शो समय - 9 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# आदिवासी समाज है पर्यावरण एवं प्रकृति का संरक्षक: इन्द्र साव

## विधायक ने विश्व आदिवासी दिवस पर समाज को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाटापारा के सेम्हराडीह में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह में क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने अपने संबोधन में आदिवासी समाज की सराहना करते हुए उन्हें देश की सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति का सच्चा संरक्षक बताया। विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज अपनी प्राचीन परंपराओं को सहेज कर रखने वाला सीधा-सादा समाज है।

उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा और भगवान बूढ़ादेव की वीरता को याद करते हुए कहा कि आदिवासी समाज ने स्वतंत्रता संग्राम में भी सक्रिय भागीदारी निभाई है। उन्होंने आगे कहा कि आज अगर हमारे प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है तो इसका पूरा श्रेय आदिवासी समाज को जाता है।

विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में भी आदिवासी समाज की प्रगति की सराहना की। इस दौरान बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और विधायक का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।विधायक इंद्र साव ने वर्तमान राज्य सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि आदिवासी मुख्यमंत्री के राज्य में इस बार सरकार ने विश्व आदिवासी दिवस पर कोई भी आयोजन नहीं किया।



### आदिवासी समाज और पर्यावरण

आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करने वाला समाज है। इनकी जीवनशैली प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर चलती है। वे सदियों से अपनी पारंपरिक ज्ञान और प्रथाओं के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करते आ रहे हैं। इस समाज को सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ प्रकृति के संरक्षण में भी भुलाया नहीं जा सकता है।उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने आदिवासी भाइयों के हितों में सरकारी छुट्टी की भी घोषणा की थी और कई जनकल्याणकारी कार्य किए थे।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने रखा बहुला चतुर्थी व्रत

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में बहुला चतुर्थी का व्रत रखा गया माताएं ने बहुला चतुर्थी हर साल भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन कृष्ण और गऊ माता की पूजा की जाती है। इस साल बहुला चतुर्थी का व्रत 12 अगस्त मंगलवार रखा गया। बहुला भगवान कृष्ण की सबसे प्रिय गाय थी। वैसे हर महीने की चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित है। चतुर्थी तिथि के दिन दिन माताएं अपनी संतान की रक्षा, घर परिवार में सुख शांति की कामना के लिए इस व्रत को करती हैं। बहुला चतुर्थी की पूजा की गई।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** नगर के नयापारा से एक व्यक्ति के घर से अवैध रूप से रखे महुआ शराब को सिटी कोतवाली पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि वार्ड नं 8 नयापारा महासमुंद का राहुल यादव अपने घर में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के लिए रखा है। आरोपी राहुल यादव के कब्जे से 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### गाली देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम केना में गाली देने से मना करने को लेकर शुरू हुए विवाद में पिता-पुत्र के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ सरायपाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी प्रमोद ने बताया कि 11 अगस्त को उसके घर के सामने रूपेश नंद गाली गलौज कर रहा था। गाली गलौच करने से मना किया तो रूपेश नंद गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। मारपीट करता देख उसका डोलामणि दीप आया और छुडाने लगा तो आरोपी रूपेश दीप का बड़ा भाई मुकेश नंद, त्रिभुवन साहू के घर के पास खडा था, वह राड लेकर दौड़ते हुए आया और राड से उसके लड़के के सिर में मार दिया,।

## निधन

### गंगाराम ध्रुव



**भाटापारा।** ग्राम बुधाघाट निवासी गंगाराम ध्रुव (45) शिक्षक जिसका स्वर्गवास बुधवार को हो गया। वे प्राथमिक शाला पासीद में पदस्थ थे, अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में नरेश नेताम सरपंच निपनिया, जीतू ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि मानसिग साहू, सरपंच कामता रावत, ईश्वरी ध्रुव, टेकन नेताम, ओमप्रकाश ध्रुव, समन्वय एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## गूंजे वन्दे मातरं के जयकारे, हर घर तिरंगा अभियान के साथ निकाली यात्रा

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सिमगा जनपद के ग्राम मोहरा में मंडल स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। मोहरा बस स्टैंड से शुरू हुई यह रैली गलियों और चौराहों से होते हुए गुड़ी चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए /"भारत माता की जय/" और /"वंदे मातरम/" के नारे लगाए। यह अभियान 13 से 15 अगस्त तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य हर भारतीय को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है।

- हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति से सराबोर हुआ क्षेत्र

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति डॉ. मोहन लाल वर्मा ने अपने आवास पर तिरंगा फहराया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान देश को एकता के सूत्र में पिरोने और राष्ट्रप्रेम की भावना को और भी प्रबल बनाने वाला जन-अभियान बन गया है।

**उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधिः** इस कार्यक्रम में मोहरा जनपद सदस्य प्रतिनिधि सुखनंदन चेलक, हिरमी जनपद सदस्य प्रतिनिधि हेमंत यादव, भाजपा सुहेला मंडल के पूर्व अध्यक्ष शिव कटरिया, बिसेसर गेंडरे, पूर्व सरपंच साधराम नवरंगे, पूर्व उपसरपंच राजेश वर्मा, छात्रपाल वर्मा, अनिल वर्मा, तुकेन्द्र वर्मा, संदीप वर्मा, भूषण वर्मा, संतोष वर्मा, हिरमी सरपंच पुनऊराम भारती, कुथरौद सरपंच तारणदास अनंत और शत्रुहन अनंत सहित कई अन्य कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### अभियान का उद्देश्य और स्वच्छता पर जोर

डॉ. वर्मा ने कहा कि यह अभियान दर्शाता है कि असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से मिला आजाद भारत का सपना साकार करने के लिए 140 करोड़ देशवासी संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान से नई पीढ़ी में राष्ट्रीय भावना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव और सम्मान बढ़ेगा। इस साल के अभियान में स्वच्छता ही सेवा है पहल के तहत स्वच्छता पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे राष्ट्रीय गौरव और नागरिक जिम्मेदारी दोनों को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लोगों से अभियान से जुड़ने और अपनी तस्वीरें वेबसाइट पर साझा करने की अपील की है।

### राष्ट्रीय ध्वज का महत्व

'हर घर तिरंगा' अभियान का मुख्य उद्देश्य हर भारतीय नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज के साथ एक भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करने का अवसर देना है। यह अभियान लोगों को देश के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है, और इस वर्ष स्वच्छता को भी इसमें शामिल करके अभियान को और भी व्यापक बनाया गया है।

# उपभोक्ता आयोग ने दिलाई बीमा क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार के उपभोक्ता आयोग ने एक महत्वपूर्ण फैसले में बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए मृतक के परिवार को 15 लाख रुपये की बीमा राशि देने का आदेश दिया है। यह मामला एक वाहन दुर्घटना में हुई मृत्यु से जुड़ा है, जहाँ बीमा कंपनी ने दावा खारिज कर दिया था। कसडोल निवासी रेशमलाल वर्मा के पुत्र सोमनाथ ने अग्रवाल मोटर्स से एक मोटरसाइकिल खरीदी थी, जिसका बीमा टाटा ए.आई.जी. जनरल इंश्योरेंस कंपनी से कराया गया था। दुर्भाग्यवश, एक सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट लगने से सोमनाथ की मृत्यु हो गई। परिवार ने बीमा कंपनी से व्यक्तिगत दुर्घटना लाभ के तहत दावा प्रस्तुत किया, लेकिन कंपनी ने यह कहते हुए दावा खारिज कर दिया कि सूचना देने में देरी हुई, नियमों और शर्तों का पालन नहीं किया गया और मृतक की ओर से तृतीय पक्ष दावा प्राप्त किया गया था।

- सेवा में कमी के लिए बीमा कंपनी को ठहराया गया दोषी

### ब्याज सहित भुगतान का आदेश

उपभोक्ता आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि यदि बीमा कंपनी 45 दिनों के भीतर राशि का भुगतान नहीं करती है, तो उसे आदेश की तारीख से भुगतान की तारीख तक 6% वार्षिक ब्याज के साथ पूरी राशि देनी होगी। यह फैसला उन बीमाधारकों के लिए एक बड़ी राहत है, जिनके दावों को बीमा कंपनियां अनुचित कारणों से खारिज कर देती हैं।

### उपभोक्ता आयोग का निर्णय

आवेदक रेशमलाल वर्मा ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बलौदाबाजार में इसकी शिकायत की। आयोग के अध्यक्ष छगेश्वर लाल पटेल और सदस्यों हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने दस्तावेजों और बीमा पॉलिसी का गहन अध्ययन किया। उन्होंने बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी पाया और आदेश दिया कि वह 45 दिनों के भीतर मृतक के पिता को 15,00,000 रुपये की बीमा राशि, 10,000 रुपये मानसिक और आर्थिक क्षतिपूर्ति के रूप में और 5,000 रुपये वाद व्यय के रूप में भुगतान करे।

# अंबुजा विद्यापीठ में पदभार व शपथ ग्रहण आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंबुजा विद्यापीठ रवान में एक गरिमामय और प्रेरणादायक पदभार ग्रहण एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के चार सदनों - गांधी, रमन, सुभाष और टैगोर सदन के नए सदन अनुशासकों (हाउस प्रिफेक्ट्स) और स्कूल कैप्टन का चयन किया गया, जिन्हें उनके नए दायित्वों की शपथ दिलाई गई। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और गर्व का माहौल था।कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय का स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नेतृत्व, अनुशासन और सेवा की शपथ दिलाई। कक्षा 12 के छात्र तोषित वर्मा को बालक वर्ग में और रिद्धिका शर्मा को बालिका वर्ग में स्कूल कैप्टन चुना गया। दोनों ने पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों को निभाने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त, सभी चारों सदनों के हाउस प्रिफेक्ट्स को भी उनके बैज प्रदान किए गए।

### प्राचार्य ने दिया नेतृत्व का संदेश

प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा, कि नेतृत्व केवल एक पद नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदारी और सेवा का अवसर है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे विद्यालय की शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में नई ऊंचाइयों को छुएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें गर्व है कि उनके विद्यार्थी इस जिम्मेदारी को ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया के छात्रों ने डी.ए.वी. स्पोर्ट्स मीट (क्लस्टर-1) में शानदार प्रदर्शन किया है। 12 अगस्त, 2025 को डी.ए.वी. इस्पात पब्लिक स्कूल, नंदिनी माइंस, दुर्ग में आयोजित इस प्रतियोगिता में खम्हरिया के छात्रों ने योगा में स्वर्ण पदक और कबड्डी में रजत पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

योगा गर्ल्स टीम ने अपने अद्भुत संतुलन और लचीलेपन का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। टीम में काव्या साहू, अदिति साहू, पूर्वी साहू, गितिका साहू और श्रद्धा देवांगन शामिल थीं। वहीं, कबड्डी टीम ने अपनी दमदार पकड़ और रणनीति से रजत पदक जीता। इस टीम में आयुष मनहर, गौतम साहू, उमेश साहू, वरुण साहू, अरविंद साहू, अमित साहू, हिमांशु बंजारा और राहुल साहू जैसे खिलाड़ी शामिल थे। प्राचार्य के साथ-साथ सभी शिक्षकगण और अभिभावकों ने भी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इन उपलब्धियों ने पूरे विद्यालय में खुशी और गर्व का माहौल भर दिया है और यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और समर्पण से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।



### स्कूल में हुआ भव्य स्वागत

खिलाड़ियों के वापस लौटने पर विद्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। तालियों की गड़गड़ाहट और फूलों की वर्षा के बीच उत्साहपूर्ण माहौल ने इस क्षण को यादगार बना दिया। प्राचार्य संदीप पटेल ने कहा कि प्रतिभा को मंच और मेहनत को सम्मान और उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उनकी शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी।

## सिंध समाज की महिलाओं ने धूमधाम से मनाया ट्रिजणी पर्व

**भाटापारा।** भाद्रपद माह में कृष्ण पक्ष तृतीया मंगलवार को कजली तीज से त्योहारों की धूम शुरू हो गई, पति के अच्छे स्वास्थ्य,दीर्घायु जीवन के लिए सिंधी समाज भाटापारा की महिलाओं ने मंगलवार को ट्रिजणी पर्व मनाया। सुबह 4 बजे से घरों में पूजा कर उपवास प्रांरम्भ किया, व्रती महिलाओं ने सोमवार को ही अपने हाथों में मेहंदी लगवाई व मंगलवार को सोलह श्रृंगार कर वैवाहिक जीवन में सुख शांती व समृद्धि एवं पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखा। इस व्रत को कुंआरी कन्याओं ने भी रखा, मान्यता है कि जिन कन्याओं की शादी नहीं हुई अथवा विलम्ब हो रहा है तो उन्हें जल्द ही सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है। व्रति महिलाएँ दोपहर को समाज के पुरोहित के घर जाकर माता गौरी को झूले में झूलाकर, सांयकाल ब्राह्मण से कथा सुनती हैं। ततपश्चात रात्रि में चांद को देखकर, जल चढ़ाकर पति के हाथों अन्न ग्रहण कर व्रत सम्पन्न होता है।



# चिरायु योजना के तहत लगा निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा रायपुर के एक निजी अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में जन्मजात हृदय रोग जांच एंव उपचार शिविर का आयोजन जिला अस्पताल बलौदाबाजार में किया जा रहा है।

सीएमएचओ डॉ.राजेश अवस्थी ने बताया कि शिविर में 0 से 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं का निःशुल्क हृदय जाँच कर उपचार किया जाएगा। इसके अंतर्गत जिला अस्पताल में जांच के पश्चात आवश्यक होने पर बच्चों की निःशुल्क सर्जरी रायपुर के उच्च चिकित्सा संस्था में की जाएगी।

किसी निजी संस्था में सर्जरी पर दो से ढाई लाख रुपए का खर्च आता है, जो कि बच्चों का ईलाज निःशुल्क किया जायेगा।

## ग्राम तुलसी में भागवत कथा जारी

# नशा विकास में बाधक व जीवन के लिए घातक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम तुलसी में चल रही भागवत कथा में पंडित उपेंद्र शर्मा ने जड़ भरत चरित्र, पृथु अवतार और अजामिल उपाख्यान की कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि भोग से अधिक त्याग में जीवन का परम उद्देश्य छिपा है। अधिक भोग से मनुष्य अपनी परलोक की गति को बिगाड़ लेता है।



पंडित शर्मा ने अजामिल ब्राह्मण का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे एक धर्मपरायण और मातृ-पितृ भक्त व्यक्ति नशे की लत में पड़कर बर्बाद हो गया। उन्होंने कहा कि अजामिल का पतन नशे के कारण हुआ, जिससे उसके माता-पिता भी दूर हो गए और परिवार में गरीबी आ गई। इस कथा के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि नशे के कारण व्यक्ति का न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और आर्थिक विकास भी रुक जाता है।



**नशे से बर्बाद हो रहे परिवार:** पंडित उपेंद्र शर्मा ने कहा कि नशा ही नाश का कारण है। उन्होंने बताया कि शराब के कारण कई स्त्रियां विधवा हो रही हैं और उनके बच्चे कुपोषण का शिकार होकर अनाथ जैसा जीवन जीने को मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि आज भी बहुत से लोग नशे के कारण बर्बाद हो रहे हैं, जिससे उनके परिवार और समाज पर बुरा असर पड़ रहा है।

### प्रहलाद की कथा से दी सीख

पंडित शर्मा ने प्रहलाद की कथा सुनाते हुए कहा कि यदि हृदय में विश्वास और श्रद्धा हो, तो भगवान हर जगह अनुभव में आते हैं। जिस तरह प्रहलाद के लिए भगवान खंभे से प्रकट हुए और उनकी रक्षा की, उसी तरह हमें भी भगवान का भजन-कीर्तन कर जीवन की परेशानियों से लड़ना सीखना चाहिए। उन्होंने भागवत कथा को सुनने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह हमें जीवन में आने वाली मुश्किलों से लड़ने की शक्ति देती है।



